भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1714

2 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

विषय : एम-किसान पोर्टल

1714. डॉ0 किरिट पी. सोलंकीः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एम-किसान पोर्टल पर प्रदान की जा रही सेवाओं और उपलब्ध सूचना का ब्यौरा क्या है;

(ख) पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) पोर्टल आरंभ होने से किसानों को भेजे गए एसएमएस की संख्या कितनी है; और

(घ) पोर्टल पर उपलब्ध भाषा विकल्पों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) : एम-किसान पोर्टल अर्थात https://mkisan.gov.in में उपलब्ध सूचना एवं सेवाएं किसानों को एसएमएस एवं वॉईस के जरिए फसलों से संबंधित परामर्शी सेवाएं हैं। किसानों के लिए अपने आपको पंजीकृत करने के वास्ते पुल एसएमएस सेवाएं और सेवाओं से संबंधित जानकारी दी जाती है और किसानों के लिए इंटरएक्टिव वॉईस रिसपांस सिस्टम सेवाएं तथा खराब मौसम की पूर्व जानकारी से संबंधित सेवाएं उपलब्ध हैं।

(ख): एम-किसान पोर्टल् में पंजीकृत किसानों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग): दिनांक 25 मई, 2013 अर्थात इस पोर्टल को लांच करे की तिथि से 28 जून, 2019 तक 24,62,37,10,138 एसएमएस भेजे गए हैं।

(घ): इस पोर्टल में पंजीकृत किसानों को परामर्श 12 भाषाओं अर्थात बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगू, ऊर्दू एवं अंग्रेजी भाषाओं में भेजी जा सकती हैं।

लो.स.अता.प्र.सं.1714

अनुबंध

पंजीकृत किसानों की राज्य-वार संख्या (28.06.2019 के अनुसार)		
क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**किसानों की संख्या**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	11989
2	आंध्र प्रदेश	5313689
3	अरुणाचल प्रदेश	1257
4	असम	78249
5	बिहार	1032234
6	चंडीगढ़	640
7	छत्तीसगढ	1527476
8	दादरा एवं नगर हवेली	1235
9	दमन एवं दीव	74
10	दिल्ली	48906
11	गोवा	23755
12	गुजरात	1224048
13	हरियाणा	1311885
14	हिमाचल प्रदेश	733962
15	जम्मू और कश्मीर	256018
16	झारखंड	810946
17	कर्नाटक	763898
18	केरल	1050629
19	लक्षद्वीप	26
20	मध्य प्रदेश	2321973
21	महाराष्ट्र	6369389
22	मणिपुर	4241
23	मेघालय	5042
24	मिजोरम	4541
25	नागालैंड	27657
26	ओडिशा	3008725
27	पुडुचेरी	11202
28	पंजाब	724908
29	राजस्थान	3200755
30	सिक्किम	26244
31	तमिलनाडु	1232068
32	तेलंगाना	2782294
34	त्रिपुरा	40993
35	उत्तर प्रदेश	14123357
36	उत्तराखंड	199109
37	पश्चिम बंगाल	1790872
	कुल	**50064286**

****